पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश

# कोलंबो में तिरंगा लहराने को तैयार सर्वोदय विद्यालय आगरा के खिलाड़ी

## वर्ल्ड पावरलिफ्टिंग चौंपियनशिप में छात्र रमन कुमार और शिक्षक हरीश चंद्र करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व

**लखनऊ : 26 नवंबर, 2025**

समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय, इटौरा (आगरा) अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी खेल उपलब्धियों से देश का मान बढ़ाने जा रहा है। विद्यालय के दो प्रतिभावान खिलाड़ी और छात्र रमन कुमार और व्यायाम शिक्षक श्री हरीश चंद्र वर्ल्ड पावरलिफ्टिंग चौंपियनशिप 2025 में भाग लेने के लिए मंगलवार को कोलंबो (श्रीलंका) के लिए रवाना हो गए।

चौंपियनशिप 28 नवंबर से 30 दिसंबर, 2025 तक आयोजित होगी, जिसमें 40 से अधिक देशों के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। कक्षा 11 के छात्र रमन कुमार सब–जूनियर के 56 ाह भार वर्ग में और व्यायाम शिक्षक श्री हरीश चंद्र सीनियर के 77 ाह भार वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

**'राष्ट्रीय चौंपियनशिप में गोल्ड और रिकॉर्ड के दम पर चयन'**

दोनों का चयन हाल ही में गुजरात के मैसाना और सूरत में हुई राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग चौंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर हुआ है। इसमें रमन ने मैसाना में सब जूनियर में गोल्ड मेडल जीता और श्री हरीश ने सूरत में गोल्ड मेडल हासिल किया और डेड लिफ्ट में राष्ट्रीय रेकॉर्ड बनाया।

**'अंतरराष्ट्रीय मंच पर चयन गर्व की बात'**

उनकी इस उपलब्धि पर समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री असीम अरुण ने बधाई दी। उन्होंने कहा कि छात्र रमन कुमार और शिक्षक हरीश चंद्र का अंतरराष्ट्रीय मंच पर चयन गर्व की बात है। खिलाड़ियों को उत्कृष्ट सुविधाएं देकर हम उन्हें और मजबूत बना रहे हैं। मेरी शुभकामनाएं दोनों के साथ हैं। वे कोलंबो में देश का नाम रोशन करें। समाज कल्याण विभाग के उपनिदेशक और योजनाधिकारी श्री जे राम ने कहा कि सर्वोदय विद्यालय से खिलाड़ियों का अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचना गर्व का विषय है। यह उपलब्धि विद्यालय में उपलब्ध प्रशिक्षण, अनुशासन और खेल प्रोत्साहन वातावरण का सशक्त प्रमाण है।

---

**सम्पर्क सूत्र**– आशिया खातून

राम यतन/06:23 **PM**

फोन नम्बर Direct : 0522–2239023 ई0पी0बी0एक्स0 : 0522–2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522–2237230 0522–2239586 ई–मेल : upsoochna@gmail.com,
**वेबसाइट** :www.information.up.gov.in